
चीता दुनिया का सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।


दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफॉर्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

छात्र कर सकते हैं विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा से संबंधित कोर्स

# बायोलॉजी से 12वीं करने के बाद छात्र को मिलते हैं कई ऑप्शन और करियर विकल्प

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## यही करियर बनाने का सही समय

ए 12वीं कक्षा पास करने के बाद विद्यार्थी के जीवन में अहम बदलाव आते हैं और यही वह मोड होता है, जहां पर खड़े रहकर हर एक विद्यार्थी सोचता है कि अब किस तरफ जाना है क्योंकि 12वीं कक्षा तक का रास्ता आसानी से पास हो जाता है। लेकिन अब 12वीं बायोलॉजी के बाद अनेक सारे रास्ते होते हैं, जिसमें से एक बेहतरीन और अपने लिए सही रास्ते का चयन करना काफी मुश्किल हो जाता है। विद्यार्थी 12वीं तक कुछ ज्यादा भविष्य के बारे में नहीं समझ पाते हैं। इसीलिए अब 12वीं के बाद उन्हें अपने भविष्य के लिए भी रास्ते का चयन करना होता है। तो 12वीं के बाद क्या करें ये हर एक विद्यार्थी के मन में प्रश्न उठता है। बता दे की 12वीं कक्षा निर्धारित किए गए सिलेबस के तहत होती है। 10वीं कक्षा तक का निर्धारित किए गए सिलेबस के आधार पर ही पढ़ाई होती है तथा 10वीं के बाद विद्यार्थी अपनी इच्छा से मौजूद सिलेबस में से किसी सिलेबस का चयन करके उसके तहत आगे की पढ़ाई कर सकते हैं। 10वीं कक्षा के बाद अधिकांश विद्यार्थी बायोलॉजी की तरफ बढ़ते हैं और 11वीं तथा 12वीं कक्षा बायोलॉजी से पास करते हैं। लेकिन 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अब आगे क्या करें यह सवाल उनके मन में भी रहता है। बायोलॉजी सिलेबस मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित किया गया है। अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं। मेडिकल या चिकित्सा के क्षेत्र में किसी पद पर कायम होकर अपने बेहतर भविष्य की कल्पना करते हैं। तो 10वीं के बाद बायोलॉजी विषय ही लिया जाता है बायोलॉजी विषय काफी महत्वपूर्ण और कठिन भी होता है तथा कुछ विद्यार्थियों को इसमें रुचि भी आती है। लेकिन 12वीं कक्षा बायोलॉजी में पास करने के बाद अब विद्यार्थी को क्या करना चाहिए इस बारे में भी जान लेना बहुत जरूरी है क्योंकि विद्यार्थी 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अनेक सारे रास्ते देख कर यह समझ नहीं पता है कि अब उसे क्या करना चाहिए और उनके लिए कौन सा रास्ता सही है?



## बायो से क्या-क्या बन सकते हैं

अगर आप भी बायोलॉजी के विद्यार्थी हैं और अपने 12वीं कक्षा बायोलॉजी सिलेबस के तहत पास कर ली है, तो अब आपके सामने विभिन्न प्रकार के रास्ते हैं इनमें से सही रास्ता कौन सा है? आपको किस पद पर चलना चाहिए? इस तरह के सवाल आपके मन में आते हैं, तो हम आपको बता देते हैं कि बायोलॉजी से 12वीं कक्षा पास करने के बाद आप मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्यरत हो सकते हैं। अगर आप यह सोचते हैं कि सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर ही बन सकते हैं, तो ऐसा आप गलत सोचते हैं। 12वीं कक्षा में बायोलॉजी विषय से सफलता प्राप्त करने के बाद आप विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा के क्षेत्र वाले कोर्स कर सकते हैं और उन कोर्स को करके एक बेहतरीन करियर की कल्पना कर सकते हैं। तो आईए जानते हैं

### नर्सिंग कोर्स

बायोलॉजी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करने के बाद अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा नर्सिंग कोर्स का चयन किया जाता है क्योंकि नर्सिंग कोर्स के तहत विद्यार्थियों को डॉक्टर की सहायता करना सिखाया जाता है कि किस तरह से मरीज के साथ काम करना है। मरीज को किस तरह से आराम देना है और उसका ट्रीटमेंट कैसे करना है। नर्स बनने के लिए नर्सिंग कोर्स करवाया जाता है। इस कोर्स से अस्पताल में डॉक्टर के साथ काम करना सिखाया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद शुरुआती समय में ही आपको आसानी से 25 से 30000 रुपये मिल जाते हैं और अनुभव के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी भी हो जाती है।

## साइकोलॉजिस्ट कोर्स

इस भागदौड़ भरी जीवन शैली के कारण लोग मानसिक रूप से परेशान होते हैं, तनाव में आ जाते हैं और उन्हें साइकोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वो साइकोलॉजिस्ट उन्हें मानसिक रूप से उसे सिचुएशन से बाहर निकालने की कोशिश करता है और इसके बदले में वह मोटी फीस लेता है। तो आप भी बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद साइकोलॉजिस्ट बन सकते हैं। इसके लिए आपको बैचलर ऑफ साइकोलॉजी डिग्री कोर्स करना होगा। यह कोर्स तीन वर्ष कोर्स है। इस कोर्स को करने के बाद आपको 2 वर्ष का मास्टर ऑफ साइकोलॉजी कोर्स भी करना होगा, उसके बाद आप साइकोलॉजिस्ट बन जाएंगे।

### न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स

वर्तमान समय में लोग सही तरह के खाने पीने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसके लिए उन्हें न्यूट्रिशन एवं डाइटिस्ट की आवश्यकता होती है। बता देते हैं कि किसी व्यक्ति को न्यूट्रिशन कितना लेना चाहिए, किस मात्रा में लेना चाहिए, किस समय लेना चाहिए? ये एक न्यूट्रिशन बता सकता है और व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए कौन-कौन सा खाना खाना चाहिए, कितनी डाइट होनी चाहिए, अपनी डाइट में क्या-क्या शामिल करना चाहिए? यह सभी एक डायटिस्ट बता सकता है। इसीलिए इन दोनों को मिलाकर न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स को करने के बाद आप लोगों को सही प्रकार से भोजन करना सीख सकते हैं।

## बी डी एस कोर्स

बीडीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ डेंटल साइंस होता है। यह एक अंडरग्रैजुएट कोर्स है। जो 12वीं के बाद करवाया जाता है यह 3 वर्ष का कोर्स होता है। बैचलर ऑफ़ डेंटल साइंस नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स को करने से दांतों का डॉक्टर बन जा सकता है यानी इस कोर्स में दांतो से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस कोर्स के दौरान स्टूडेंट को दांतो से संबंधित बीमारियों की जानकारी दी जाती है। दांतो के मरीज का इलाज कैसे करना है यह भी सिखाया जाता है। आप बैचलर ऑफ डेंटल साइंस कोर्स करके प्राइवेट और गवर्नमेंट हॉस्पिटल में डेंटिस्ट बन सकते हैं। वर्तमान समय में दांतो के डॉक्टर हर महीने 2 से 5 लाख आसानी से कमा लेते हैं।

## डर्मेटोलॉजिस्ट कोर्स

अगर आप त्वचा यानी स्क्रीन की बीमारियों का इलाज करने वाला डॉक्टर बनना चाहते हैं यानी आप त्वचा चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो यह कोर्स खास आपके लिए हैं। इस कोर्स को 12वीं कक्षा में बायोलॉजी में सफलता प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। इस कोर्स के तहत त्वचा से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जैसे कि मुंहासे, शरीर में धब्बे, खुजली आदि का इलाज कैसे करते हैं? ये समस्याएं क्यों उत्पन्न होती हैं? इसके लिए कौन-कौन सी दवाइयां हैं? किस तरह की चिकित्सा प्रणाली है? इस बारे में जानकारी दी जाती है। डर्मेटोलॉजिस्टिक बनकर आप हर महीने शुरुआती तौर पर 50000 रुपये से भी अधिक कमा सकते हैं।

## रेडियोग्राफी कोर्स



वर्तमान समय में रेडियो ग्राफिक कोर्स करने वालों की डिमांड काफी ज्यादा देखने को मिलती हैं। बता देते हैं कि रेडियोग्राफी कोर्स करने से आपको मरीज के जांच वाली मशीनों का ज्ञान दिया जाता है। आज के समय में जब हम बीमार पड़ते हैं, तो सबसे पहले हमारा एक्स-रे किया जाता है, हमारा ब्लड टेस्ट किया जाता है, सिटी स्कैन किया जाता है, एमआरआई स्केन किया जाता है, लैब टेस्ट किया जाता है और विभिन्न प्रकार के टेस्ट एवं जांच की जाती है। उन सभी के लिए वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार की मशीन है और उपकरण आ चुके हैं। इन मशीनों और उपकरणों को चलाने तथा सही ढंग से इस्तेमाल करने के लिए रेडियोग्राफी कोर्स किया गया है। आप इस रेडियोग्राफी कोर्स को करके हर महीने 50000 तक आसानी से कमा सकते हैं।

## बी फार्मा कोर्स

बी फार्मा कोर्स को बैचलर ऑफ़ फार्मेसी भी कहते हैं। इस कोर्स की मदद से आपको दवाइयां का ज्ञान हो जाता है। औषधीय का ज्ञान हो जाता है। चिकित्सा और मेडिकल के क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली संबंधित दवाइयां और औषधीय किस समय किस मरीज को कौन सी बीमारी के समय कितनी उपलब्धता के आधार पर देनी होती है। इस बात की जानकारी इस कोर्स में उपलब्ध है। इस कोर्स को करने से दवाइयां के इस्तेमाल के बारे में पूरी जानकारी पता चल जाती है जिसके बाद आप अपना खुद का मेडिकल स्टोर भी खोल सकते हैं या मेडिकल क्षेत्र में काम भी कर सकते हैं। इसके लिए आप डिप्लोमा इन फार्मेसी, बैचलर ऑफ फार्मेसी या फिर मास्टर ऑफ साइंस ऑफ फार्मेसी कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप हर महीने 30 से 35000 आसानी से कमा सकते हैं


## पैरामेडिकल कोर्स

बायोलॉजी विषय के अंतर्गत 12वीं कक्षा पास करने के बाद पैरामेडिकल कोर्स का चयन भी बड़ी मात्रा में किया जाता है। बता देते हैं कि पैरामेडिकल कोर्स में फार्मेसी नर्सिंग तथा हेल्थ केयर सेक्टर से संबंधित ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आप हेल्थ केयर सेक्टर में बड़े पदों पर नौकरियों का सकते हैं। पैरामेडिकल कोर्स करने के बाद हेल्थ केयर सेक्टर में जॉब करने पर शुरुआती तौर पर आप हर महीने 30 – 35000 हजार रुपए आसानी से कमा सकते हैं और उसके बाद 4-5 साल के एक्सपीरियंस के बाद आप हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपए भी आसानी से कमा सकते हैं।

## एमबीबीएस कोर्स

एमबीबीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी होता है। बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद सबसे अधिक चयन किए जाने वाले कोर्स की सूची में सबसे पहले एमबीबीएस कोर्स का नाम ही आता है। लेकिन यह काफी कठिन कोर्स है इसके लिए आपको केंद्रीय स्तर पर आयोजित नीट एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा और उस एग्जाम में अच्छे अंक लाकर मेरिट में भी स्थान बनाना होगा, तभी आप इस कोर्स के लिए इलीजिबल माने जाएंगे। बता दें कि इस कोर्स को करने के लिए 12वीं कक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करना जरूरी है। इस कोर्स में आपको डॉक्टर बनने से संबंधित पूरी जानकारी बताई जाती है, जिसके बाद आप किसी विशेष स्पेशलाइजेशन के डॉक्टर बन जाते हैं। स्पेशलाइजेशन जैसे कि न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, एनएसथीसिया स्पेशलिस्ट आदि।

# खेलों से प्रेरणा लेकर तनाव से निपटें और सकारात्मक सोच अपनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में हर छात्र के सामने कई चुनौतियां आती हैं-पढ़ाई का दबाव, परीक्षा की तैयारी, भविष्य की चिंता और कभी-कभी व्यक्तिगत परेशानियाँ। इन सबके बीच तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और सकारात्मक सोच के लिए भी एक शानदार जरिया हो सकते हैं? आइए जानते हैं कि कैसे खेलों से प्रेरणा लेकर आप अपने जीवन में तनाव को कम कर सकते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण बना सकते हैं।

## हार को भी जीत की सीढ़ी बनाएं

खेलों में हर खिलाड़ी को हार और जीत दोनों का सामना करना पड़ता है। सचिन तेंदुलकर, पी.वी. सिंधु या विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भी अपने करियर में कई बार असफलताओं का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार को कभी अंत नहीं माना। हार उनके लिए एक सबक थी, एक नई शुरुआत का मौका थी। जब आप पढ़ाई में कम नंबर लाएं या किसी लक्ष्य को हासिल न कर पाएं, तो उसे खेल की तरह देखें। हार से सीखें, अपनी कमियों को सुधारें और अगली बार दोगुनी मेहनत के साथ मैदान में उतरें। यही सकारात्मक सोच आपको आगे बढ़ाएगी।

**टीमवर्क से सीखें एकजुटता :** क्रिकेट, फुटबॉल या कबड्डी जैसे खेल हमें सिखाते हैं कि अकेले नहीं, बल्कि टीम के साथ मिलकर बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। जब तनाव बढ़ता है, तो अपने दोस्तों, परिवार या शिक्षकों का साथ लें। उनसे बात करें, अपनी परेशानियाँ साझा करें और मदद मांगने में संकोच न करें। जैसे मैदान पर हर खिलाड़ी अपनी भूमिका निभाता है, वैसे ही आपके जीवन में भी लोग आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकते हैं। यह एकजुटता आपको तनाव से लड़ने की ताकत देगी।

**लक्ष्य निर्धारित करें, छोटे कदमों से आगे बढ़ें :** खेलों में हर खिलाड़ी का एक लक्ष्य होता है-चाहे वह रन बनाना हो, गोल करना हो या मेडल जीतना हो। लेकिन यह लक्ष्य रातोंरात हासिल नहीं होता।

## शारीरिक सक्रियता से दूर करें तनाव

खेल न सिर्फ दिमाग को तरोताजा करते हैं, बल्कि शरीर को भी ऊर्जा देते हैं। जब आप तनाव में हों, तो कुछ देर के लिए किताबें बंद करें और बाहर निकलें। दौड़ें, बैडमिंटन खेलें, या बस अपने दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की मस्ती करें। शारीरिक गतिविधि से आपके शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो तनाव को कम करता है और आपको खुश रखता है। रोजाना 20-30 मिनट का खेल आपके दिमाग को शांत करेगा और सकारात्मक ऊर्जा देगा।

**अनुशासन और समय प्रबंधन की कला :** खिलाड़ी अपने जीवन में अनुशासन और समय का सही उपयोग करना सीखते हैं। सुबह जल्दी उठना, अभ्यास करना, और अपने लक्ष्य पर ध्यान देना यह सब खेल हमें सिखाते हैं। आप भी अपने दिन की योजना बनाएं। पढ़ाई, खेल और आराम के लिए समय निर्धारित करें। जब आपका जीवन व्यवस्थित होगा, तो तनाव अपने आप कम हो जाएगा। अनुशासन आपको यह एहसास दिलाएगा कि आप अपने जीवन के मालिक हैं।

**हर दिन खुद को प्रेरित करें :** खेलों में खिलाड़ी हर मैच को एक नई चुनौती की तरह लेते हैं। आप भी हर दिन को एक नया मौका मानें। सुबह उठकर खुद से कहें, "आज मैं कुछ नया सीखूंगा, कुछ बेहतर करूंगा।" अपने पसंदीदा खिलाड़ी की मेहनत और संघर्ष की कहानियों को याद करें। उनकी तरह आप भी अपने सपनों के लिए लड़ सकते हैं। यह सोच आपको तनाव से निकालकर सकारात्मक दिशा में ले जाएगी।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उत्तरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

### शनिवार को बालाजी मंदिर में हवन के उपरांत होगा भंडारे का आयोजन

# शोभायात्रा से बजरंगी के रंग में रंगा बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। शुक्रवार को शोभायात्रा में शामिल झांकियां। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार की सुबह बैंडबाजों के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर श्री बालाजी महाराज द्वारा आयोजित विशाल ध्वज एवं शोभायात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां लोगों का मन मोह रही थीं। भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति और इनेलो नेत्री शीला नफे सिंह राठी ने भी शोभायात्रा में शिरकत की। भगवान श्रीराम के सच्चे सेवक कहे जाने वाले पवन सुत हनुमान की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बैंडबाजों के साथ भव्य ध्वजा एवं शोभायात्रा निकाली गई। बता दें कि शुक्रवार को शहर की अनाज मंडी के राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा रेलवे रोड, मेन बाजार, झज्जर रोड, मांडोठी बाजार, गांधी चौक, पुरानी सब्जी मंडी, पुरानी कमेटी और नजफगढ़ रोड होते हुए मंदिर श्री बालाजी महाराज पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। वहीं, बैंडबाजों की धुन पर चल रहे भक्ति गीतों पर लोग जमकर झूम रहे थे। मंदिर समिति के प्रधान रमेश गुप्ता ने कहा कि पवनपुत्र हनुमान महावीर और अत्यंत शक्तिशाली हैं। भगवान त्रेतायुग में श्रीराम की सहायता के लिए हनुमान के रूप में अवतरित हुए थे। श्रीराम के अवतार और उनके द्वारा राक्षसों के विध्वंस में हनुमान की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। सुधीर जैन व चिराग पुरुथी ने कहा कि हनुमानजी का अवतरण श्रीराम के कार्यों को सफल बनाने के लिए हुआ था। शनिवार को मंदिर में यज्ञ-हवन आदि का आयोजन कर पूर्णाहुति की जाएगी। मंगल आरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है।

■ विशाल ध्वज एवं शोभायात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां लोगों का मन मोह रही थीं




झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बना हनुमान बाबा का रेखाचित्र। फोटो: हरिभूमि

## जन्मोत्सव को लेकर बनाया बाबा हनुमान का रेखाचित्र

झज्जर। क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान बाबा का एक विशाल रंगोली रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में हनुमान जन्मोत्सव का विशेष महत्व होता है। हनुमान जन्मोत्सव हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। मान्यता है कि इस दिन वीर हनुमान की विधि-विधान से पूजा करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है और मनोकामना भी पूरी होती है।



झज्जर। पंजाबी धर्मशाला में प्रसाद बनाते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

झज्जर। श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए श्रद्धालुओं ने तैयारियां पूरी कर ली है। मंदिरों में प्रसाद बनाया जा रहा है, वहीं श्रीरामचरितमानस का पाठ भी शुरू कर दिया गया है। शहर में मुकुट वाले बाबा हनुमान की शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। शहर के मेन बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह आठ बजे हवन किया जाएगा, वहीं दोपहर बाद बाबा हनुमान को भोग लगाने के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं ऑफिसर कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में भी हवन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का विश्राम शनिवार को पूर्णाहुति हवन के उपरांत भंडारे के साथ किया जाएगा। पंडित विजय भारद्वाज, सुमित भारद्वाज, संतोष पांडे, पंडित पवन कौशिक, श्यामवीर शास्त्री ने विधिवत पूजन कर श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का संगीतमयी चौपाइयों के साथ शुभारंभ किया। पवन कौशिक, श्यामवीर शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने कल्याण के लिए श्रीरामचरित मानस का अध्ययन तथा श्रवण अवश्य करना चाहिए।

■ श्रीरामचरितमानस पाठ का शुरू



झज्जर। संस्थान निदेशक व अन्य कर्मचारियों के साथ उपस्थित प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षणार्थियों को दिए प्रमाण-पत्र

झज्जर। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लेने वाली युवतियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संस्थान के निदेशक उमेश भूकर ने बताया कि एक माह तक चले इस प्रशिक्षण के दौरान 27 से अधिक युवतियों एवं महिलाओं ने सौंदर्य एवं सौंदर्य उपचार से संबंधित विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार शुरू करें। संस्थान में एक कुशल उधमी बनने के साथ-साथ एक क्रियाशील व्यवसाय स्थापित करने के भी गुण सिखाये जाते है। इस मौके पर सतपाल सिंह राठी, आशीष शर्मा, कुसुम, शालू, शशि कुमार, रेखा शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## लंबित मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सर्व कर्मचारी संघ की जिला झज्जर की इकाई द्वारा शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए हटाए गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन की अध्यक्षता एसकेएस जिला प्रधान रामबीर ने की जबकि संचालन शिवम व नरेश कुमार द्वारा किया। जिला प्रधान रामबीर ने हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निगम के अंतर्गत लगे कर्मचारियों को 58 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा की गारंटी दी थी लेकिन अब उन्हें सेवा से बाहर कर दिया है। उनके कई कर्मचारी साथी ऐसे हैं जिनके सेवाकाल के 5 साल पूरे होने में केवल 15 से 20 दिन बाकी हैं। पीटीआई जिनका चूल्हा ना बुझने की बात कही थी को भी हटा दिए गए। ठेके पर लगे सफाई कर्मियों से छुट्टी के दिन भी काम लिया जा रहा है। प्रदर्शन उपरांत उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन डीआरओ प्रमोद चहल को सौंपा। इस मौके पर अफलातून जाखड़, बंसीलाल, रविंद्र दलाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रमेश जाखड़, विष्णु जांगड़ा, देवेन्द्र सहरावत, दीपक यादव, श्रीभगवान, नरेश कुमार, शिवम चांवरिया, सुंदर, नवीन, रणबीर खटक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। प्रदर्शन के बाद डीआरओ प्रमोद चहल को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।



झज्जर। रेडीनेस मेले में उपस्थित ग्रामीण अभिभावक एवं आंगनवाड़ी वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल रेडीनेस मेले में ग्रामीण अभिभावकों को किया जागरुक

झज्जर। मातनहेल खंड के गांव खानपुर खुर्द में शुक्रवार को स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन कर ग्रामीण अभिभावकों को अपने छोटे बच्चों का दाखिला आंगनवाड़ी प्ले स्कूल में कराने के लिए जागरुक किया गया। आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष छोटा गहलावत ने बताया कि मेले में जिला पार्षद शिव कुमार खोरड़ा, सरपंच कृष्ण कुमार, सुपरवाइजर रवीना देवी, आंगनवाड़ी वर्कर्स सुनीता, नरेश, संजना व प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से युद्धवीर द्वारा सहयोग दिया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं एवं अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने तीन से पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों का दाखिल सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्ले स्कूल में कराएं। यहां उन्हें खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी।

### विद्यार्थियों को दी वित्तीय बाजार के बारे में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के गणित विभाग में 'स्टॉक मार्केट में गणित का अनुप्रयोग' विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान का आयोजन गणित विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप कुमार ने किया। मुख्य वक्ता वाणिज्य प्राध्यापक दीपक ने वित्तीय बाजार के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बाजार की स्थिति के विश्लेषण में गणित के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वित्तीय आंकड़ों को समझने में प्रोबेबिलिटी, इंटीग्रेशन, डेरिवेटिव और सांख्यिकी के उपयोग के बारे में बताया। इसके अलावा विभिन्न ट्रेडिंग प्लेटफार्म की भी जानकारी दी। इस अवसर पर गणित प्राध्यापक शमशेर सिंह, डॉक्टर जय भगवान, डॉक्टर नरेंद्र, सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अन्नु ने पाया पहला स्थान



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वावधान में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर जगबीर की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की अन्नु ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष की कविता दूसरे स्थान पर रही। बीए तृतीय वर्ष की प्रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### विद्यार्थियों को करवाया बैसाखी पर्व के महत्व से अवगत

झज्जर। एमआर स्कूल हसनपुर में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एमआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक सोमबीर कोडान ने प्राचार्या नेहा शर्मा के साथ मां सरस्वती के सम्मुख पुष्प अर्पित करके की। उन्होंने विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब व हरियाणा राज्यों में इस त्यौहार का विशेष महत्व होता है। उन्होंने बैसाखी पर्व पर हुई ऐतिहासिक घटना से विद्यार्थियों को अवगत कराया जिसमें 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में जनरल डायर ने निहत्थे लोगों पर गोलियां चलवाकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। बैसाखी पर्व समारोह पर विद्यालय विद्यार्थियों ने एकल व पंजाबी समूह नृत्य के साथ, कविता व लघु नाटक तथा भाषण की प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम को रोचक बनाया। विद्यालय प्राचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि त्यौहार ही हमारी संस्कृति को महान बनाते हैं।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

### यातायात नियमों का पालन करने से हम अपनी व दूसरों की सुरक्षा कर सकते हैं

# विद्यार्थियों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

शुक्रवार को पुलिस की एक टीम द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय कलोई में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों व नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की टीम ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से हम अपनी व दूसरों की सुरक्षा कर सकते हैं। वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करके हम सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। वहीं उन्होंने डायल 112 की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं के लिए डायल 112 एप सार्थक सिद्ध हुई है। डायल 112 एप महिलाओं को अपने गंतव्य तक व सुरक्षित सफर करवाने में सहायता करती है डायल 112 ऐप को सभी ने अपने फोन में डाउनलोड करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा एक भयानक बीमारी है हम सभी को इससे दूर रहना चाहिए। क्योंकि युवा नशा करके अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते है। जिससे उनका व माता पिता का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।



झज्जर। विद्यार्थियों को यातायात नियमों व नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए निरीक्षक सतीश कुमार।



बहादुरगढ़। नशा नहीं करने की शपथ लेती जसौरखेड़ी कॉलेज की छात्राएं।

### जसौरखेड़ी में नशा नहीं करने की शपथ ली

बहादुरगढ़। जसौरखेड़ी के राजकीय कन्या महाविद्यालय में रेडक्रॉस विंग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। महाविद्यालय में सभी छात्राओं और प्राध्यापकों ने नशा नहीं करने की शपथ ली। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. पूनम ने छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस दौरान महाविद्यालय प्रभारी डॉ. संदीप किराड़, डॉ. सुनील, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सतेंद्र, डॉ. सुनैना और अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

■ पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

## सार संक्षेप

### विद्यार्थियों में वितरित की डायरियां



बहादुरगढ़। डायरी वितरण के बाद विद्यार्थियों के साथ उर्मिला कुमारी। फोटो: हरिभूमि

बहादुरगढ़। आसौदा टोडरान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए मैं डायरी लेखन का कार्य शुरू करने की पहल की गई। स्कूल प्रभारी उर्मिला कुमारी द्वारा अपने स्तर पर डायरी की व्यवस्था की गई। उन्होंने विद्यार्थियों में डायरियां वितरित की। उन्होंने राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बराही के विद्यार्थियों के लिए भी दैनिक डायरी की व्यवस्था अपने स्तर पर की है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक डायरी लिखने के लाभ बताए। इसे आदत बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सविता, रेखा, सुदेश, अंजू, मंजू व देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### नागरिक मंच ने फुले को किया नमन



बहादुरगढ़। ज्योतिबा फुले को नमन करते मंच के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

बहादुरगढ़। नागरिक मंच बहादुरगढ़ द्वारा शुक्रवार को लाइनपार के सुभाष नगर में महात्मा ज्योतिराव फुले को गरिमापूर्ण ढंग से याद किया गया। कमला, बेबो और गुड्डी आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। रामकिशन ने उनके जीवन संघर्ष से सभी को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि ज्योतिबा फुले ने समाज में फैले कट्टरवाद, पाखंडवाद, मूर्ति पूजा और जातिगत गैर बराबरी के खिलाफ संघर्ष किया। शिक्षा के जरिए लोगों को शोषण से मुक्ति और तर्कसंगत विचारों को फैलाने का भरसक प्रयास किया।

### पीएम हिसार में लिखेंगे इतिहास



रविंद्र छिल्लर बराही

बहादुरगढ़। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार में एयरपोर्ट का शुभारंभ करके नया इतिहास लिखेंगे। मोदी ने विकास के मामले में पूरे देश का नक्शा बदल दिया है। सरकार द्वारा पीएम के दौरे को लेकर पूरी तैयारी की जा रही है। एयरपोर्ट शुरू हो जाएगा तो प्रदेश के लिए रोजगार के अनेक अवसर खुलेंगे। रविंद्र छिल्लर ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने भी प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं। भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। ओमप्रकाश धनखड़ व मोहनलाल बडौली समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के कुशल मार्गदर्शन में हर कार्यकर्ता मजबूती से राष्ट्र सेवा में समर्पित है।

### पंजाबी गीतों पर नृत्य करके बांधा समां

झज्जर। पैरामाउंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल छुछकवास में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की आकर्षक रंगोलियां बनाई। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक इंद्रजीत फौगाट ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। उन्होंने पंजाबी गीतों पर नृत्य कर कार्यक्रम में समां बांधा। मुख्यातिथि इंद्रजीत फौगाट ने कहा कि यह पर्व फसल काटकर घर लाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने बैसाखी पर्व को लेकर विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### पशुओं की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ देखभाल करने की जानकारी दी



झज्जर। शिविर के दौरान मौनी बाबा गौशाला में उपस्थित संस्कारम वेटरनरी कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। संस्कारम वेटरनरी कॉलेज द्वारा कासन गांव स्थित मौनी बाबा गोशाला में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलेज के 50 वेटरनरी विद्यार्थियों और आठ अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना, ग्रीष्मकालीन रोगों से बचाव व समुचित देखभाल के उपायों की जानकारी देना रहा। शिविर के दौरान निःशुल्क जांच, टीकाकरण, थनैला और कृमि नियंत्रण, पोषण परामर्श जैसी सेवाएं दी गई। इस दौरान गर्मी के मौसम में आमतौर पर पशुओं को होने वाले रोगों जैसे हीट स्ट्रोक, अफारा, थनैला, खुर-पका रोग, डायरिया आदि के लक्षणों व रोकथाम से अवगत कराया। टीम सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए ठंडे व छायादार स्थान पर रखने, नीम और बेलपत्र का घोल बनाकर नहलाने, बछड़ों को जलजीरा या नमक-शक्कर घोल पिलाकर पानी की कमी को रोकने, पशुओं को खली-चूरी में गुड़ मिलाकर खिलाने से ऊर्जा और पाचन में वृद्धि की जानकारी दी गई। संस्कारम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर महिपाल ने कहा पशु हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उनकी देखभाल हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में विचार रखते त्रिवेणी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## स्ट्रीट चिल्ड्रन को मुख्यधारा में लाने की जरूरत

बहादुरगढ़। शहर के त्रिवेणी मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को 'अंतरराष्ट्रीय स्ट्रीट चिल्ड्रन दिवस' मनाया गया। विद्यालय के सभी छात्रों ने इस दिन बेघर बेसहारा बच्चों के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अलग-अलग तरीके से इस दिन को परिभाषित किया।

त्रिवेणी स्कूल के बच्चों ने बताया कि सरकार ने बेघर और बेसहारा बच्चों के लिए कुछ नियम कानून बनाए हुए हैं। बच्चों को अनाथ आश्रम, किशोर गृहों या सुधार संस्थाओं में रखा जा सकता है। विद्यालय के सभी बच्चों ने शपथ ली कि वे जहां भी ऐसे बच्चों को घूमते देखेंगे तो उनकी सहायता अवश्य करेंगे। ऐसे बच्चों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने भी सड़क पर रहने वाले ऐसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### शहर के किला मोहल्ले में गुणगान महोत्सव आज

**बहादुरगढ़।** श्री संकट मोचन युवा सेवा दल की ओर से हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सेवा दल के प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार 12 अप्रैल को किला मौहल्ला स्थित शिव हनुमान मंदिर चौक पर द्वितीय मेहंदीपुर बालाजी महाराज के गुणगान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विख्यात गायक मधुर भजनों से बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। भव्य दरबार, झांकियां आदि आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### एक शाम लखदातार के नाम आज

**झज्जर।** जय बाबा लखदातार मित्र मंडल द्वारा शहर के सीताराम गेट स्थित सामुदायिक भवन में शनिवार को एक शाम लखदातार के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंडल के प्रधान मुकेश सैनी ने बताया कि उनके मंडल द्वारा आयोजित होने किए जाने वाले इस पंचम श्रीश्याम वार्षिकोत्सव एवं भंडारा कार्यक्रम में श्रीश्याम बाबा का भव्य दरबार, श्रीश्याम रसोई, छप्पन भोग आकर्षन का केंद्र रहेंगे। इस दौरान स्थानीय गायक कलाकार योगेश रंजन व धर्मेंद्र बसवाल, दिल्ली से साक्षी चौपड़ा, जयपुर से मुकेश बांगड़ा, पलवल से सुमन तंवर बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस वार्षिकोत्सव में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा, नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी व भाजपा नेता राजकुमार कटारिया को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### निलोठी के खेतों से मोटर चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेती संबंधित संसाधन चोरों के निशाने पर हैं। अब गांव निलोठी की सीमा पर मौजूद एक खेत से दो मोटर चोरी कर ली गई। किसान विजेंद्र ने पुलिस को शिकायत दे दी है। विजेंद्र का कहना है कि अज्ञात चोरों ने उनकी सोलर और बिजली मोटरें चोरी कर ली। इससे उन्हें आर्थिक हानि हुई है। कामकाज भी प्रभावित हो गया है। इस शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### सांखोल में किसान की चोरी से काट ली फसल

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में रात के अंधेरे में एक किसान की करीब दो एकड़ गेहूं की फसल काट ली गई। गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप है। पीड़ित किसान की शिकायत पर लाइनपार थाना में केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता होशियार सिंह का कहना है कि सांखोल के निवासी अमर सिंह की जमीन फसल बोने के लिए ले रखी है। करीब दो एकड़ में गेहूं की फसल बो रखी थी। गत सात अप्रैल की रात को कंबाइन से किसी ने मेरी फसल काट कर चुरा ली गई। अगले दिन खेत में गया तो पता चला। इसके बाद कंबाइन मशीन वाले से पूछताछ की तो सामने आया कि गांव के ही एक व्यक्ति का इसके पीछे हाथ है। फिर पुलिस को शिकायत दी। अब लाइनपार पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल संचालक पर हमला, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में स्थित एक स्कूल के संचालक पर हमला कर दिया गया। लाठी, डंडों व फरसों से हमला करने की बात सामने आई है। हमले की वजह जांच का विषय है। फिलहाल बादली थाना पुलिस ने सात लोगों पर नामजद केस दर्ज कर लिया है। वारदात सुधीर के साथ हुई है। बुपनिया के निवासी सुधीर का कहना है कि गांव में उनका एक प्राइवेट स्कूल है। गत 9 अप्रैल को स्कूल में रंग रोगन का काम चल रहा था। उसे देखने के लिए मैं स्कूल में गया था। तभी बाहर आकर देखा तो गली में जेसीबी से खुदाई की जा रही थी। इसी दौरान हाथ में डंडे, जेली व गंडासे लिए कुछ लोग वहां आए। आते ही उन्होंने हमला कर दिया। बचने के लिए स्कूल की तरफ भागा तो डंडों से प्रहार किए गए। आरोपियों ने मुझे जान से मारने की कोशिश की। शोर सुनकर मेरे चाचा का लड़का वहां आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। फिर वे हमलावर धमकी देकर भाग गए। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# आफत की बारिश, खेत से लेकर मंडी तक किसान परेशान, बिजली भी गुल

■ शुक्रवार शाम को अचानक बदला मौसम ■ तेज आंधी से कई स्थानों पर गिरे पेड़, टूटे होर्डिंग्स व पोल



झज्जर। बारिश के बीच जेसीबी से गेहूं की ढेरियों को ऊपर करवाते हुए आढ़ती।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में तिरपाल से ढका अनाज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार सांय तेज आंधी के साथ हुई बारिश किसानों के लिए आफत बनकर बरसी। खेत से लेकर मंडी तक किसानों को खूब नुकसान हुआ। खेतों में जहां खड़ी फसल नीचे गिर गई, वहीं अनाज मंडी में रखा गेहूं व सरसों की फसल भीग जाने के कारण काफी परेशानी हुई। आंधी और हल्की बारिश के बीच अनाज मंडी परिसर में आढ़ती जेसीबी की सहायता से अनाज की ढेरियों को ऊपर करवाते और तिरपाल से ढकते हुए दिखाई दिए। वहीं तेज आंधी के कारण बिजली गुल हो गई और कई स्थानों पर पेड़ गिरने और होर्डिंग्स व पोल टूटने की सूचना भी मिली। तेज आंधी के कारण जन जीवन पूर्णतया प्रभावित हो गया और सांय छह बजे ही सड़कों पर अंधेरा छा गया।

उधर, बारिश के बीच चली ठंडी हवाओं के कारण मौसम खुशनुमा हो गया और मौसम में ठंडक घुल गई। जिसके कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान जहां 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक पहुंच गया। विशेषज्ञ शनिवार को भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

### बहादुरगढ़ में गेहूं की खरीद जारी, सरसों की नहीं हुई

बहादुरगढ़। शहर की अनाज मंडी में सरसों फिलहाल न तो सरसों की फसल आ रही है और न ही खरीद हो रही। शनिवार को एक भी गेट पास नहीं कटा। अब तक यहां 8867 क्विंटल सरसों आ चुकी है। जिसमें से 7683 की सरकारी खरीद हो चुकी है। वहीं दूसरी तरफ बहादुरगढ़ और आसौदा की मंडी में गेहू की आवक तथा खरीद जारी है। बहद्रुरगढ़ की अनाज मडी में आठ गेट पास कटे और 586. 88 क्विंटल फसल आई। जबकि 859 क्विंटल खरीदी गई। वहीं आसौदा में 97 गेट पास कटे और 6530 क्विंटल फसल आई। इसमें से 5358 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। कुल मलाकर दोनों मंडियों में अभी तक 34 हजार 263 क्विंलट फसल आ चुकी है और 29665 क्विंटल खरीदी जा चुकी है। कुल 5937 क्विंटल उठान हो चुका है।

# मामा को फोन पर दी धमकी घर जाकर भांजे पर फायरिंग

■ गुभाना में सनसनीखेज वारदात, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव गुभाना में एक व्यक्ति को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद घर जाकर उसके भांजे पर फायरिंग कर दी गई। संयोगवश गोली किसी को नहीं लगी। गांव के ही एक युवक व उसके दो अन्य साथियों पर आरोप है। मामला झगड़े की रंजिश से जुड़ा हुआ है। सूचना पाकर बादली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रपुलिस को दी शिकायत में गुभाना के निवासी कर्मबीर का कहना है कि वह खेतीबाड़ी करता है। वीरवार को जरूरी काम से बहादुरगढ़ गया था। इस दौरान शाम करीब सात बजे मेरे पास एक फोन आया। कॉलर ने मुझसे कहा कि आप कहां हो और फिर कहने लगा कि मैं तेरे को जानता हूं। जान से मारने की धमकी देते हुए कहने लगा कि जहां भी मिलेगा, वहीं गोली मारेंगे। मेरे घर पर मेरा भांजा हर्ष व पत्नी गरिमा थी। तभी गाड़ी में सवार होकर तीन व्यक्ति घर पर आए। गाड़ी चला रहे व्यक्ति ने मेरे भांजे से पूछा कि तेरा मामा कर्मबीर कहां हैं, उसने कहा कि मामा घर पर नहीं है। इतना कहते ही थार गाड़ी में सवार उस चालक ने मेरे भांजे पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। संयोगवश भांजा बच गया और गोली दरवाजे में लगी। फिर वे चले गए। शिकायत में कर्मबीर ने गोली चलाने वाले शख्स का नाम हरीश बताया है। उसका कहना है कि कुछ दिन पहले हरीश के साथ झगड़ा हुआ था। जिसमें मुकदमा दर्ज है। उसी रंजिश में गोली चलाई गई है। वहीं, बादली पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सिलोठी मोड़ के पास हुई बाइक चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में एक आरोपी पकड़ा गया है। उससे चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई है। शुक्रवार को अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। सदर थाना प्रभारी दीपक कुमार के अनुसार, सन्नी नाम के एक युवक ने शिकायत दी थी कि आठ अक्टूबर को उसने अपनी बाइक सिलोठी मोड़ पर खड़ी की। फिर अन्य वाहन से गुड़गांव चला गया। जब वापस आया तो बाइक नहीं मिली। अब एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान उत्तम निवासी खरमाण के रूप में हुई है।

# स्कूलों का भौतिक सत्यापन शुरू



बहादुरगढ़। स्कूलों में भौतिक सत्यापन करती शिक्षा विभाग की टीम।

**बहादुरगढ़।** शिक्षा विभाग द्वारा जिले के निजी स्कूलों का भौतिक निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को अभियान शुरू किया गया है। इस पहल के तहत सात टीमें गठित की गई हैं, जिन्हें विभागीय दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए एक मानकीकृत चेकलिस्ट और सत्यापन प्रारूप प्रदान किया गया है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण दल के सभी सदस्यों को डीईईओ और खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्कूलों की मान्यता और कक्षाएं मान्यता अनुसार संचालित होने की पुष्टि की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि स्कूल अभिभावकों को पाठ्यपुस्तकें, नोटबुक, वर्दी या स्टेशनरी स्कूल से खरीदने के लिए बाध्य तो नहीं कर रहे। डीईईओ वीरेंद्र मलिक ने कहा कि सभी स्कूल विभाग के दिशा-निर्देशों एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम का पालन करें। उन्होंने बताया कि निरीक्षण टीमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाएगा।

# रोहद के पास कार की चपेट में आने से महिला श्रमिक की मौत

■ छुट्टी के बाद घर जा रही थी 32 वर्षीय प्रियंका, सांपला में रहती थी

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में तेज रफ्तारी कार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतका की पहचान करीब 32 वर्षीय प्रियंका के रूप में हुई है।

प्रियंका पत्नी उमेश मूलतः दिल्ली के जगजीत नगर ने से थी। फिलहाल यहां सांपला में रहती थी। रोहद स्थित एक कंपनी में काम करती थी। कंपनी से छुट्टी के बाद वह अपने घर जा रही थी। रोहद में जब एक पेड़े वाली दुकान के पास पहुंची तो तेज रफ्तारी गाड़ी की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में उसे काफी चोट आई। राहगीर उसे सांपला के एक अस्पताल में ले गए। जहां से वह पीजीआई रोहतक रेफर कर दी गई। सूचना पाकर परिजन पीजीआई गए। वहां उपचार के दौरान प्रियंका को मृत घोषित कर दिया गया। आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई रोहतक गई। परिजनों के बयान के बाद वीरवार को शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। इस संबंध में मृतका के पति उमेश के बयान पर आसौदा थाना पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गाड़ी का नंबर पुलिस को मिल गया है।

## जेएलएन स्टेडियम में प्रथम स्थान पर रहा बीआरजी का गौरव



**बहादुरगढ़।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस एवं हनुमान जयंती को लेकर आयोजित हाफ मैराथन में करीब 10 हजार धावकों ने भाग लिया। बीआरजी के धावकों ने भी इसमें भाग लेकर कई पुरस्कार जीते बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के 110 धावकों ने इस प्रतिष्ठित दौड़ में हिस्सा लिया। दीपक छिल्लर ने इस मैराथन में पेसर की भूमिका निभाई। उन्होंने 21 किलोमीटर की दूरी 2 घंटे में पूरी की और रास्ते भर धावकों को गति बनाए रखने में मार्गदर्शन किया। नीरज छिल्लर को आयोजन समिति द्वारा एंबेस्डर के रूप में आमंत्रित किया गया। बीआरजी के गौरव ने 10 किलोमीटर में पहला स्थान हासिल किया। राकेश सरण 21 किलोमीटर 1:21 घंटे, सेवाराम ने 1:25 घंटे, सत्यवान डागर ने 1:26 घंटे, हेमदत्त ने 1:22 घंटे में पूरी की। जबकि ललिता ने 40 प्लस आयुवर्ग की महिलाओं की 21 किलोमीटर रन 1:46 घंटे में पूरी की।

# स्वतंत्रता सेनानी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर : पंवार

■ विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने स्वतंत्रता सेनानी पाला सिंह को दी श्रद्धांजलि

**झज्जर ।** स्वतंत्रता सेनानी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं, जिनकी बदौलत आज हम आजाद हैं और खुली हवा में सांस ले रहे हैं। महान देशभक्तों के बताए मार्ग पर चलते हुए आज पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यह बात विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शुक्रवार को गांव छुछकवास में स्वतंत्रता सेनानी पाला सिंह राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मुख्य द्वार के लोकार्पण उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश की सेनाओं में आज हर दसवां जवान हरियाणा से है,यह हम सबके लिए गर्व की बात है।



झज्जर। स्वतंत्रता सेनानी पाला सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते मंत्री पंवार।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गांवों की फिरनियों को नियमानुसार पक्का किया जाएगा व स्ट्रीट लाइट की विशेष व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने गांव बीड़ छुछकवास और इस्मलामगढ़ ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 11-11 लाख रुपये की घोषणा की। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, मनीष बंसल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# साइक्लोथॉन को लेकर पुलिस अलर्ट, छह एसीपी, छह इंस्पेक्टर व 350 जवान तैनात



**झज्जर।** साइक्लोथॉन साईकिल यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस के स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है, वहीं यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। इस संबंध में डीसीपी लोगेश कुमार ने सभी एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त बनाए रखेंगे। यह यात्रा बाढ़सा बस स्टैंड, राजकीय महाविद्यालय बादली, अंबेडकर चौक, आईटीआई गुढ़ा, गांव चमनपुरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डीघल होते हुए रोहतक में प्रवेश करेगी। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि छह एसीपी छह इंस्पेक्टर सहित करीब 350 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### भव्य स्वागत होगा

**झज्जर ।** डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत प्रदेश भर में चल रही साइक्लोथॉन शनिवार को जिले में प्रवेश करेगी। नशा मुक्ति का संदेश लेकर आ रही इस ऐतिहासिक यात्रा के स्वागत को लेकर पूरे जिले में उत्साह और जोश का माहौल है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि सबसे पहले यह यात्रा गुरुग्राम की ओर से जिला के बाढ़सा गांव में प्रवेश करेगी, जहां एक भव्य समारोह होगा।

# महान समाज सुधारक फुले को भारत रत्न देने की मांग



**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पर लाइनपार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सरिता जसबीर सैनी ने उन्हें नमन करते हुए केंद्र सरकार से भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने स्त्री शिक्षा, दलित उत्थान और जातिवाद के खिलाफ एक क्रांतिकारी आंदोलन खड़ा किया। हम उनके आदर्शों को आत्मसात करें और समतामूलक समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कोमल, शिवानी, पूजा, रोशनी, दीपा, मोनिका, प्रियंका, संकेत, वनिता, ऋतु, केतकी, सीमा व ललिता आदि मौजूद रहे।

# फिर टल गई अविश्वास प्रस्ताव की बैठक

## एडीसी के छुट्टी पर होने के कारण स्थगित, दूसरी बार भी बैठक में नहीं पहुंचे खंड समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

खंड समिति अध्यक्ष के विरुद्ध होने वाली अविश्वास प्रस्ताव की बैठक शुक्रवार को भी टल गई। अतिरिक्त जिला उपायुक्त सलोनी शर्मा भी अवकाश पर होने के कारण बैठक में नहीं पहुंची और मीटिंग स्थगित कर दी गई। वहीं दूसरी तरफ बीडीपीओ भी समिति सदस्यों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। बता दें कि खंड समिति के 30 वार्डों से बलराज, अंजू रानी, सतनारायण, राकेश, ज्योति, दयानंद, नवीना, योगेश, सुमन, देवबीर, रेनू देवी, रजत, रिंकी, रमेश कुमार, अमित, कविता, आशीष, विद्या देवी, प्रमोद, नीलम, अजीत सिंह, रेनूबाला, अभिषेक, पूनम देवी, सुरजीत सिंह, साहिल, रचिता, जसबीर, वर्षा गौतम व हरवेश मान सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे।

इनमें से एक का बीते दिनों निधन हो गया था। समिति सदस्यों ने 31 दिसंबर 2022 को हुए वार्ड-29 की वर्षा गौतम को प्रधान और वार्ड-18 की विद्या देवी को उप प्रधान चुना था। लेकिन अधिकांश समिति सदस्यों में प्रधान के प्रति असंतोष बढ़ गया। मंगलवार 24 दिसंबर 2024 को 20 ब्लॉक पार्षदों ने डीडीपीओ को शपथ पत्र सौंपते हुए प्रधान वर्षा गौतम के प्रति अविश्वास जाहिर किया था। हालांकि इनमें से तीन पार्षदों ने बाद में प्रधान के प्रति फिर से अपना विश्वास प्रकट करते हुए अपने शपथ पत्र वापिस मांगे।



बहादुरगढ़। खंड समिति सदस्यों का इंतजार करते बीडीपीओ उमेद सिंह।

### इससे पहले 9 जनवरी को रखी गई थी बैठक

इस दौरान अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय के लिए 9 जनवरी की बैठक तय कर दी गई थी। वह बैठक भी स्थगित हो गई थी। फिर 11 अप्रैल को बैठक निर्धारित की गई थी। शुक्रवार को बीडीपीओ उमेद सिंह समेत अन्य लोग समिति सदस्यों का इंतजार करते रहे। प्रधान समर्थक और विरोधी, दोनों गुट अपने अपने सदस्यों को लेकर पहाड़ों में जमे हुए हैं। इस कारण दोनों पक्षों के सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे। वहीं एडीसी सलोनी शर्मा भी अवकाश पर रही। जिसके चलते बैठक ही स्थगित कर दी गई। चर्चा यह भी रही कि प्रधान वर्षा गौतम के विरुद्ध मोर्चा खोलने वाले गुट के 20 सदस्यों में ऐन मौके पर सेंध लग गई। बहरहाल अब नए सिरे से बैठक की तिथि निर्धारित होगी।

### दो गाड़ियों सहित तीन वाहन चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी के मामले नहीं थम रहे। आए दिन कहीं न कहीं से वाहन उठाए जा रहे हैं। सबसे अधिक वाहनों की चोरी ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के पास से हो रही हैं। अब यहां से दो और गाड़ियां चोरी हो गई। सोनीपत के निवासी रोहित का कहना है कि दस अप्रैल को उसने ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के पास अपनी क्रेटा गाड़ी खड़ी की। फिर किसी काम के सिलसिले में दिल्ली स्थित एक अस्पताल में चला गया। कुछ घंटे बाद वापस आया तो यहां गाड़ी नहीं मिली। वहीं पटेल नगर के निवासी नरेंद्र का कहना है कि वीरवार की सुबह उन्होंने ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के निकट सड़क किनारे गाड़ी खड़ी की। इसके बाद मेट्रो के जरिये ड्यूटी पर चले गए। रात को वापस आए तो गाड़ी नहीं मिली। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। इन शिकायतों पर सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हुए हैं। वहीं, उत्तम कॉलोनी में एक मकान के बाहर से थ्रीव्हीलर चोरी हो गया। वाहन मालिक सुरेंद्र की शिकायत पर सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुफ्त होम्योपैथी स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



बहादुरगढ़। शिविर में चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते कॉलेज पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में नागरिक अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क होम्योपैथी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में आए लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श के साथ आवश्यक होम्योपैथिक दवाइयां भी दी गई। होम्योपैथी के मेडिकल ऑफिसर डॉ.सुधीर कुमार, फार्मासिस्ट सुमन व योगाचार्या निशा ने शिविर में शिरकत की। कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल व प्राचार्या डॉ.आशा शर्मा ने सभी को पौधा व स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन किया। सत्यनारायण अग्रवाल ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति होम्योपैथी के बारे में बताया। डॉ. आशा शर्मा ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त । डॉ. सुधीर कुमार ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। योगाचार्या निशा ने भावी अध्यापिकाओं को योग का अभ्यास करवाया।